हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 7 नवंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 संत जगन्नाथ दास, गोपाल कृष्ण गौशाला ने तैयार किए गौमय दीपक



07 धनतेरस पर बाजार हुए गुलजार लोगों ने जमकर की खरीदारी



खबर संक्षेप

कलेक्टर-एसपी ने सुरक्षा इंतजाम जांचे



विदिशा। दीपावली पर जनसुरक्षा के मद्देनजर कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी ने शुक्रवार को रामलीला ग्राउंड स्थित पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अग्निशमन यंत्र, पानी, विद्युत सुरक्षा, आपातकालीन इंतजाम और पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। दुकानदारों को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने, अग्निशमन उपकरण चालू रखने और दुकानों के आसपास भीड़ व अव्यवस्थित पार्किंग रोकने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत भी दी।

पुलिसकर्मियों को बांटी विवेचना किट और मिठाई



विदिशा। शुक्रवार को एसपी अधीक्षक रोहित काशवानी एवं सीएसपी मोनिका तिवारी ने विवेचकों और अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक सामग्री एवं मिठाई वितरित की। विवेचकों को बैग सहित विवेचना संबंधी सामग्री दी गई, ताकि अनुसंधान कार्य सुगम हो सके। वहीं कार्यालयीन कार्यों के बेहतर संचालन के लिए कर्मचारियों को भी जरूरी सामग्री प्रदान की गई। पुलिस विभाग में ई-विवेचना प्रणाली के माध्यम से केस डायरी लेखन और डिजिटल साक्ष्यों का संधारण आधुनिक, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने पर जोर दिया गया।

बड़बाला घाट पर आज सजेंगे 6318 दीप

विदिशा। दीपावली की पूर्व संध्या देव दीपावली पर शनिवार को बड़बाला घाट स्थित मां बेतवा पुरम में विदिशा दीपोत्सव 2026 का आयोजन होगा। मां बेतरवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति के तत्वावधान में शाम 5 से 7 बजे तक होने वाले इस आयोजन में रंगोली, रंगीन आतिशबाजी और दीप सज्जा आकर्षण का केंद्र रहेंगे। समिति के संयोजक पं. मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि इस अवसर पर मां बेतवा की 6318वीं विशेष गंगा आरती की जाएगी। शिक्षा विभाग के पूर्व एवं वर्तमान कर्मचारियों का परिवार विशेष अतिथि रहेगा।

75 क्विंटल रंगों से विद्यार्थियों ने बनाई भव्य रंगोली, 180 छात्रों और शिक्षकों ने 15 दिन की मेहनत से तैयार किया 'काशी लोक'

8500 वर्ग फीट में साकार हुई काशी नगरी, रंगोली से सजा साकेत परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

साकेत शिक्षण संस्थान की 30 वर्षों की गौरवशाली परंपरा के तहत साकेत एमजीएम स्कूल परिसर में दो दिवसीय दीपोत्सव का समापन हुआ। इस बार मुख्य थीम 'काशी दर्शन-एक अनंत यात्रा' रखी गई।

कार्यक्रम का एक अन्य प्रमुख आकर्षण 'रक्तबीज नृत्य नाटिका' रही, जिसमें मां काली के दिव्य एवं रौद्र स्वरूप के माध्यम से नारी शक्ति, साहस और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रभावशाली संदेश



प्रस्तुत किया गया। कलाकारों की सशक्त अभिनय क्षमता, भावपूर्ण नृत्य एवं शानदार मंचन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा, विधायक मुकेश टंडन, श्यामसुंदर शर्मा सहित अभिभावक एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। दो दिनों तक चले इस भव्य दीपोत्सव ने रंगोली, कला, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय परंपराओं की अनुपम छटा बिखेरी। इस अवसर पर साकेत शिक्षण संस्थान द्वारा जेईई एवं नीट जैसी प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाले संस्थान के लगभग 23 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।



गंगा आरती और मां काली के शौर्य ने मोहा मन, रक्तबीज नृत्य नाटिका ने किया नारी शक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन, दो दिवसीय भव्य दीपोत्सव का हुआ समापन।

धनतेरसः मोबाइल, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की दुकानों पर भीड़

सोने-चांदी के सिक्के बिके, 500 वाहन 2 करोड़ के बिजली उपकरण की बिक्री

धनतेरस पर गाड़ियों के शोरूम, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, सजावटी सामग्री और ज्वेलर्स की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

धनतेरस पर शुभ खरीदी ने शहर के कारोबारियों को काफी हद तक मंदी से उबार दिया। धनतेरस पर रियल एस्टेट, सराफा बाजार, आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स सहित अन्य व्यापारिक क्षेत्रों में करोड़ों का कारोबार हुआ। सबसे ज्यादा खरीदारी आटोमोबाइल और इलेक्ट्रानिक बाजार में रही।

सुबह से ही वाहन और इलेक्ट्रॉनिक्स के शोरूमों पर खरीदारों की भीड़ लगी रही। धनतेरस पर जिलेभर में जहां 500 से ज्यादा दोपहिया वाहन बिके हैं, वहीं मकान, प्लाट और अन्य संपत्तियों की कई रजिस्ट्रियां हुई हैं। धनतेरस पर चांदी के सिक्के भी जमकर बिके हैं। पाल इंटरप्राइजेज के मैनेजर आलोक सक्सेना ने बताया कि शोरूम खुलते ही खरीदार वाहन खरीदने के लिए पहुंचने लगे थे, वहीं शोरूम बंद होने तक रात में भी खरीदार आए। दोपहिया वाहन के अलावा चार पहिया वाहन व खेतीबाड़ी के लिए ट्रैक्टर व अन्य उपकरणों की भी जोरदार बिक्री रही है।

भगवान के चित्र वाले सिक्कों की ज्यादा डिमांडः सराफा बाजार में धनतेरस पर अच्छी बिक्री हुई। सराफा व्यापारियों के अनुसार धनतेरस पर शहर में ही 1 करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ। इस बार सोने-चांदी के सिक्के काफी बिके। व्यापारियों के अनुसार 50 लाख से ज्यादा के ये सिक्के बिके। बाजार में इस बार लोगों ने भगवान के चित्र वाले सिक्कों को ज्यादा प्रसंद किया।



विदिशा। दीपोत्सव को लेकर बाजार में खरीदी का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार को धनतेरस का दिन होने के कारण दिनभर बाजार में ग्राहकों की भीड़ रही। देर रात तक दुकानें खुलीं रहीं।

प्रतिबंधः 20 नवंबर तक बड़े वाहनों पर पूरी तरह से रोक

दीपावली पर्व के दौरान बाजारों और प्रमुख मार्गों पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए विदिशा नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आदेश 20 नवंबर की रात 12 बजे तक प्रभावशील रहेगा। विवेकानंद चौराह से नीमताल, दुर्गानगर तथा पीतलमील चौराहे से नगर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने यह निर्णय त्योहार के दौरान बाजार क्षेत्रों में संभावित भीड़ और यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए लिया है। प्रशासन के अनुसार दीपावली के दौरान प्रमुख मार्गों और बाजारों में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना रहती है। भारी वाहनों के आवागमन से यातायात जाम, दुर्घटनाओं और अन्य अप्रिय घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है।



बाजार में सजावटी सामग्री और पूजन सामग्री की भी जगह- जगह दुकानें सजकर तैयार हो गई हैं।

सागर रोड और ग्यारसपुर में 18 वाहनों पर चालानी कार्रवाई, 1.92 लाख वसूले

एक वाहन जब्त कर थाने में खड़ा कराया



विदिशा। वाहनों के निरीक्षण के दौरान कार्रवाई करते हुए आरटीओ वर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

परिवहन विभाग ने शुक्रवार को सागर रोड और ग्यारसपुर क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा के द्वारा की गई कार्रवाई में नियमों का उल्लंघन करते 18 वाहन पकड़े गए।

सभी के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इनमें से 17 वाहनों से शमन शुल्क के रूप में 1 लाख 85 हजार 100 रुपए और मोटरयान कर के रूप में 7 हजार 732 रुपए वसूले गए। इस तरह कुल 1 लाख 92 हजार 832 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं एक वाहन जब्त कर ग्यारसपुर थाने में खड़ा कराया गया है। त्योहारी सीजन को देखते हुए यात्री बसों की भी जांच की गई। इसमें निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने और सुरक्षा मानकों के पालन की स्थिति देखी गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल और आंदोलन को कांग्रेस का समर्थन, धरना स्थल पहुंचे नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अपनी मांगों को लेकर नीमताल स्थित गांधी प्रतिमा के सामने धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों को जिला कांग्रेस ने समर्थन दिया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने धरना स्थल पहुंचकर कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और उनके आंदोलन में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। इस दौरान सुभाष बोहत, कांग्रेस प्रवक्ता सुशील शर्मा, जिला कांग्रेस संगठन महामंत्री गोविंद भार्गव और ब्लॉक कांग्रेस नटेरन अध्यक्ष शरद शर्मा मौजूद रहे।



विदिशा। धरनास्थल पर कांग्रेसियों के साथ पहुंचे जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी।

नेताओं ने कर्मचारियों की मांगों को जायज बताते हुए प्रदेश सरकार से उनका जल्द निराकरण करने की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। वे दिन-रात मेहनत कर शहर को साफ रखते हैं, इसके बावजूद उन्हें अपने अधिकारों और मांगों के लिए धरने पर बैठना पड़ रहा है। यह सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। कांग्रेस प्रवक्ता सुशील शर्मा ने कहा कि कांग्रेस कर्मचारियों के संघर्ष में उनके साथ खड़ी है।

स्वामित्व योजनाः 250 से अधिक रजिस्ट्रियां पूर्ण कराने वाले 8 पटवारियों को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने प्रमाण पत्र प्रदान किए

शमशाबाद के मनीष सरवैया 418 रजिस्ट्रियां कर जिले में अव्वल, आठ पटवारियों ने की 3263 रजिस्ट्रियां

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को आबादी भूमि का मालिकाना हक दिलाने के अभियान में जिले के आठ पटवारियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इन सभी ने 250 से अधिक स्वामित्व रजिस्ट्रियां पूरी की हैं। उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को अपने कक्ष में प्रमाण पत्र देकर पटवारियों को सम्मानित किया। 5 नवंबर की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार शमशाबाद तहसील के मनीष कुमार सरवैया ने सर्वाधिक 418 रजिस्ट्रियां पूरी कर जिले में पहला स्थान हासिल किया। वहीं कुरवाई के मोहित सिंह परमार 346 रजिस्ट्रियों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। शमशाबाद की राखी बाजपेयी ने 304, सिरोंज के विकास कुमार श्रीवास्तव ने 306 और नरेंद्र बैरागी ने 273, नटेरन के शिवेंद्र सिंह पंवार ने 284, विदिशा के नितिन कुमार पंथी ने 276 तथा त्योंदा के शैलेश कुमार गायकवाड़ ने 269 रजिस्ट्रियां पूरी की हैं। अधीक्षक भू-अभिलेख के अनुसार इन आठ पटवारियों ने कुल 3263 रजिस्ट्रियां की हैं। इनके कार्यक्षेत्र में 5334 हितग्राही और 5445 भूखंड दर्ज हैं। कलेक्टर ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार दिलाने की महत्वपूर्ण पहल है। इसमें पटवारियों की भूमिका अहम है। प्रशासन का लक्ष्य सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ दिलाना है।



विदिशा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पटवारियों को किया सम्मानित करते कलेक्टर।

जिला अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की बच्चेदानी बाहर आने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला अस्पताल में शुक्रवार को प्रसव के दौरान गंभीर स्थिति बनने पर जमकर हंगामा हुआ। प्रसूता निकिता प्रजापति के परिजन ने नर्सिंग स्टाफ पर इलाज में लापरवाही बरतने और पेट पर अनुचित दबाव डालकर जबरन प्रसव कराने के आरोप लगाए हैं। परिजन का दावा है कि डिलीवरी के दौरान महिला की बच्चेदानी (गर्भाशय) शरीर से बाहर आ गई। इसके बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई और महिला को तत्काल मेडिकल कॉलेज रेफर करना पड़ा। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि महिला अब खतरे से बाहर है, जबकि नवजात की हालत गंभीर बनी हुई है। परिजन के मुताबिक गुरुवार शाम करीब 6 बजे निकिता को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। रात करीब 2 बजे डिलीवरी हुई। उनका आरोप है कि प्रसव के दौरान स्टाफ ने महिला के पेट पर दबाव बनाया, जिसके कारण यह गंभीर स्थिति बनी। परिजन ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें समय पर सही जानकारी नहीं दी और मरीज को मेडिकल कॉलेज भेज दिया।



विदिशा। परिजनों को समझाइश देते हुए डॉ प्रमोद मिश्रा।

डॉक्टर बोलेः बच्चे ने गर्भ में ही पी लिया था गंदा पानी

डॉ. प्रमोद मिश्रा ने बताया कि प्रसव से पहले ही बच्चे ने गर्भ में मेकोनियम (गंदा पानी) पी लिया था। इससे जन्म के समय उसकी सांसें थमने जैसी स्थिति बन गई थी। उन्होंने बताया कि प्रसव के बाद गर्भाशय का बाहर आना गंभीर आपात स्थिति है। डॉक्टरों ने तत्काल उपचार कर महिला को ब्लड चढ़ाया और मेडिकल कॉलेज भेजा। वहां गर्भाशय को वापस सही स्थान पर स्थापित कर दिया गया है।

पानी घटने पर नदी में मिली थी 2 हजार साल प्राचीन कुबेर प्रतिमा

धनतेरस पर 11 फीट ऊंची कुबेर प्रतिमा की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला संग्रहालय में धनतेरस पर विश्व की सबसे बड़ी करीब 11 फीट ऊंची कुबेर प्रतिमा की पूजा की गई। करीब 2 हजार साल पुरानी इस प्रतिमा के सामने श्रद्धालुओं ने धन-धान्य, सुख और समृद्धि की कामना की। पंकज जैन, सुशील शर्मा और उनके साथी विशेष अनुमति लेकर संग्रहालय पहुंचे थे। सुशील शर्मा ने बताया कि वे पिछले 17 साल से हर धनतेरस पर यहां आकर कुबेर की पूजा करते हैं।

नदी के संगम पर पानी में दबी थी प्रतिमाः संग्रहालय के गाइड रामनिवास शुक्ला के मुताबिक यह प्रतिमा बेतवा और बेस नदी के संगम पर स्थित त्रिवेणी घाट में पानी के नीचे दबी हुई थी। लोग इसे साधारण चट्टान समझते थे। स्थानीय धोबी भी इस पर कपड़े धोते थे।

1962 में नदी का जलस्तर कम होने पर पत्थर की आकृति साफ दिखाई देने लगी। ध्यान से देखने पर पता चला कि यह कुबेर की विशाल प्रतिमा है। इसके बाद प्रशासन की मदद से इसे विदिशा लाया गया। कुछ समय तक प्रतिमा विश्राम गृह में रखी गई।

1964 में संग्रहालय में रखी गई प्रतिमा

विदिशा संग्रहालय की स्थापना 1964 में हुई। इसके बाद कुबेर की प्रतिमा को यहां रखा गया। प्रतिमा में कुबेर को राजसी रूप में दिखाया गया है। उनके सिर पर पगड़ी, कानों में कुंडल और शरीर पर आभूषण हैं। उनके एक हाथ में धन की थैली है। संग्रहालय में कुबेर से जुड़ी करीब 6 फीट ऊंची यक्षणी की प्रतिमा भी रखी हुई है।

17 साल से धनतेरस पर कर रहे हैं पूजा

धनतेरस पर पंकज जैन, सुशील शर्मा और उनके साथी विशेष अनुमति लेकर संग्रहालय पहुंचे और प्रतिमा की पूजा की। सुशील शर्मा ने बताया कि वे करीब 17 साल से हर धनतेरस पर यहां आते हैं। इस दौरान वे कुबेर से धन-धान्य, सुख-संपत्ति और समृद्धि की कामना करते हैं।



विदिशा। कुबेर प्रतिमा का पूजन करने संग्रहालय पहुंचे नगर के लोग।

खबर संक्षेप

एसडीएम ने दिए निर्देश



गंजबासौदा। एसडीएम अनुभा जैन ने वरिष्ठ नागरिक की संपत्ति की सुरक्षा के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के अंतर्गत द्वारा वरिष्ठ नागरिक लक्ष्मीनारायण शर्मा के प्रकरण में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया गया है। प्रकरण में वरिष्ठ नागरिक द्वारा अपनी चल एवं अचल संपत्ति पर परिजनों द्वारा कथित अवैध हस्तक्षेप एवं कब्जे की शिकायत प्रस्तुत की गई थी। प्रकरण की सुनवाई एवं उपलब्ध दस्तावेजों के अवलोकन के उपरांत न्यायालय द्वारा अधिनियम की धारा 23 के प्रावधानों के तहत संबंधित अनावेदकों को आवेदक की चल एवं अचल संपत्ति पर किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप, प्रताड़ना अथवा जबरन कब्जा नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीओ राजस्व ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा एवं संपत्ति के अधिकारों की रक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है तथा ऐसे मामलों में विधि अनुसार प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

शाम से गायब हुए वेदिक का नहीं लगा सुराग



गंजबासौदा। ग्राम खरतरी में गुरुवार को शाम के समय बब्लू केवट का 6 वर्षीय बालक वेदिक जो बोल नहीं पाता था। वह अचानक गायब हो गया। जिसकी परिजनों ने अपने स्तर पर गांव सहित आसपास में खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। जिसकी सूचना परिजनों द्वारा प्रशासन को दी गई। सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक अमला खरतरी गांव पहुंचा जहां वेतबा नदी सहित आसपास के क्षेत्र में बच्चे की खोजबीन की जा रही है। बच्चे को ढूंढने में होमगार्ड टीम के सदस्य, गोताखोर लगे हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक बच्चे के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। बच्चे के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मच्छरों का प्रकोप बड़ा

गंजबासौदा। इन दिनों दीपावली के त्यौहार के चलते घरों, दुकानों में साफ, सफाई का दौर जारी है। वहीं दूसरी ओर इलाके में हल्की सर्दी ने दस्तक दे दी है। जिसके चलते पाराशरी नदी सहित निचली बस्तियों में मच्छरों का प्रकोप तेज हो गया है। शाम होते ही मच्छर घरों में एकत्रित हो जाते हैं। नागरिकों ने नपा से कीटनाशक का छिड़काव कराने की मांग की है।

नगर सहित पटाखा बाजार में यातायात व्यवस्था दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक इंचार्ज हृदेश सिंह, नपा सीएमओ अशोक वर्मा के नेतृत्व में नपा एवं यातायात स्टॉफ द्वारा जनमानस की भीड़ और दो पहिया , चार पहिया वाहनों को फटाखा बाजार और शहर बाजार में यातायात प्रबंधन को दुरुस्त और निर्बाध यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतू उचित प्रबंधन किया गया है। जिससे शहर में जाम की स्थिति की नौबत नहीं आ सकी और यातायात व्यवस्था निर्वाध रूप से चलती रहे। शहर में तीन नो एण्ट्री पॉइंट जिसमे ट्रैक्टर ट्राली और भारी वाहन का प्रतिबन्ध हैं। भावसार पुलिया, पचमा बायपास तिराहा और सिरोंज तिराहा पर चार पहिया, ऑटो और लोडिंग ऑटो के लिए प्रतिबंधित एरिया रखा गया है। जय स्तम्भ से शीतला माता मंदिर, सावरकर चौक तक प्रतिबंधन रखा गया है। पटाखा बाजार मे मेला ग्राउण्ड के चारों ओर बेरीकेट लगाकर दो पहिया और चार पहिया को पूर्णतः प्रतिबन्ध रख के व्यवस्था बनाई गई है। जिससे आमजन और दुकानदारों को पटाखे की खरीद बिक्री मे किसी प्रकार की क़ोई दिक्कत का सामना ना करना पड़े। दुकानदारों को दुकान के साइज के हिसाब से अग्निशमन यंत्र, रेत और पानी के उचित प्रबंन्ध रखने और उचित दूरी पर दुकान लगवाई गई हैं। यातायात पुलिस ने नगर पालिका के साथ संयुक्त रूप से व्यवस्था बनाते हुए सड़क पर लगे वाहनों, हाथ ठेले और दुकान के बाहर सामान रखे दुकानदारों को समझाईश दी गई एवं सामान हटाकर व्यवस्था दुरुस्त की गई।

गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने के साथ अनूठी पहल

संत जगन्नाथ दास, गोपाल कृष्ण गौशाला ने तैयार किए गौमय दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



दीपावली की जगमगाहट इस बार केवल बिजली की झालरों और बाजारों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि गौमाता के गोबर से बने स्वदेशी गौमय दीपक भी घर-आंगन को रोशन करेंगे। गौवंश संरक्षण, स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर जिले में गौमय दीपक निर्माण का अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल ने धार्मिक आस्था को रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और गौशालाओं के स्वावलंबन से जोड़ने का काम किया है। गंजबासौदा की तीन गौशालाओं में ही लगभग 15 हजार रंग-बिरंगे गौमय दीपक तैयार किए गए हैं, जिनका गोभक्तों और आम नागरिकों को निशुल्क वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर जिले में गौशालाओं के स्वावलंबन से तैयार हुए हजारों गौमय दीपक स्वदेशी और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गौशालाओं द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि इस दीपावली अपने घरों में गौमय दीपक प्रज्ज्वलित कर गौसेवा, स्वदेशी और पर्यावरण संरक्षण के अभियान में सहभागी बनें। खास बात यह है कि गोभक्तों को ये दीपक निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस बार गौशालाओं के साथ हजारों घरों के आंगन भी गौमय दीपकों से जगमगाएंगे। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन का उद्देश्य गौशालाओं को केवल गोवंश के पालन-पोषण तक सीमित न रखते हुए उन्हें गौ आधारित उत्पादों के निर्माण और उपयोग से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। इसी उद्देश्य से जिले की गौशालाओं को गोबर से दीपक सहित अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जगन्नाथ दास जी नौलखी आध्यात्मिक धार्मिक कल्याण समिति वेत्रवती घाट द्वारा संचालित जगन्नाथ गौशाला, नौलखी मंदिर परिसर में लगभग 4 हजार गौमय दीपकों का निर्माण किया गया है। वहीं श्री देवनारायण समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा संचालित श्री गोपाल कृष्ण गौशाला, बंजारी माता के पास फतेहपुर में स्वदेशी देसी गाय के गोबर से लगभग 5 हजार रंग-बिरंगे दीपक बनाए गए हैं। वहीं वेदांत आश्रम की गौशाला द्वारा भी 5 हजार गौमय दीपक बनाए गए हैं। तीनों गौशालाओं में तैयार कुल 15 हजार दीपकों को आसपास के क्षेत्रों के गोभक्तों और नागरिकों को बिना किसी शुल्क के वितरित किया जा रहा है। वितरण का सिलसिला लगातार जारी है।

गौशालाओं के गौमय दीपक पहुंचेंगे घर-घर

गंजबासौदा। बाजार में उपलब्ध कृत्रिम और चाइनीज सजावटी दीपकों के बीच गौमाता के गोबर से बने ये दीपक स्वदेशी विकल्प के रूप में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। इनकी खासियत यह है कि जलने के बाद इनके अवशेष मिट्टी में मिलकर जैविक खाद के रूप में उपयोग किए जा सकते हैं। इस तरह दीपावली के बाद भी ये पर्यावरण के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं। रंग-बिरंगे और आकर्षक स्वरूप में तैयार किए गए दीपक भारतीय परंपरा, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और स्वदेशी अपनाने का संदेश दे रहे हैं। जिला प्रशासन की पहल और गौशालाओं के सामूहिक प्रयास से दीपावली का पर्व रोशनी के साथ गौवंश संरक्षण, आत्मनिर्भरता और भारतीय संस्कृति के संदेश का भी वाहक भी साबित होगा। जगन्नाथ गौशाला के अध्यक्ष नौलखी खालसा के महंत राममनोहर दास महाराज ने बताया कि जिला प्रशासन की यह पहल गौसेवा को आत्मनिर्भरता और स्थानीय अर्थव्यवस्था से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे गौशालाएं केवल गोवंश के पालन-पोषण तक सीमित न रहकर गौ आधारित उत्पादों के निर्माण और प्रसार का केंद्र भी बन सकेंगी। साथ ही स्वदेशी गोवंश के संरक्षण को भी प्रोत्साहन मिलेगा। श्री गोपाल कृष्ण गौशाला के संचालक एवं संस्थापक राष्ट्रीय कथा व्यास पंडित देवेंद्र भार्गव ने बताया कि गौमाता के गोबर से निर्मित दीपकों को दीपावली पर मां महालक्ष्मी के पूजन में प्रज्ज्वलित करना धार्मिक दृष्टि से शुभ माना जाता है। गौमय दीपक सुख, शांति, समृद्धि की कामना के साथ जलाए जाते हैं।

कार्तिक एकादशी पर श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी, किया तुलसी अर्चन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कार्तिक मास की एकादशी पर बेतवा नदी स्थित रिपटा घाट पर श्रद्धालुओं ने प्रातः भगवान की पूजन कर दीपदान किया। प्रातः 5 बजे से ही श्रद्धालु नदी पर डुबकी लगाने पहुंचने लगे थे सबसे अधिक संख्या महिला श्रद्धालुओं की थी। सूर्योदय से पूर्व ही श्रद्धालुओं ने अपना पूजन अर्चन कर दीपदान कर लिया था। इसके पश्चात पंडित भागीरथ शास्त्री के सानिध्य में भगवान शिव का अभिषेक करने के बाद बेतवा घाट पर तुलसी अर्चन किया गया। 1000 मत्रों के जप के साथ मां-बेत्रवती को तुलसी अर्चन की गई। घाट पर शरद पूर्णिमा से कार्तिक स्नान प्रारंभ हुआ है जो कार्तिक पूर्णिमा तक चलेगा। ज्ञात हो कि कार्तिक मास में पर्व त्यौहार के साथ ही मंगल कार्यों के करने का शुभ मुहूर्त भी है। 25 नवंबर तक कार्तिक मास है। वैसे तो इस मास में कई व्रत त्योहार होने से व्रतियों को काफी कुछ लाभ मिलता है, लेकिन कार्तिक मास में दीपदान करने का अलग ही महत्व है। इस मास में दीपदान करने से कई पर्व का फल मिलता है। दीपदान का अर्थ होता है आस्था के साथ दीपक प्रज्वलित करना। कार्तिक में प्रत्येक दिन दीपदान जरूर करना चाहिए। पंडित भागीरथ शास्त्री ने बताया कि अग्निपुराण में कहा गया है कि दीपदान से बढ़कर न कोई व्रत है, न था और न होगा। पद्मपुराण में भगवान शिव अपने पुत्र कार्तिकेय से कार्तिक मास में दीपदान का महात्म्य बताया था। पं. संजय शास्त्री ने बताया कि कार्तिक मास में अपने घर के आंगन में तुलसी के पास, अपने घर के पूजन स्थान पर, मंदिरों में या गंगा घाट पर घी का एवं तिल के तेल का दीपक जलाकर दीप दान कर सकते हैं। ऐसा करने से सभी व्रत का पुण्य फल प्राप्त किया जा सकता है और अपने पितरों को प्रसन्न कर सकते हैं।

विधिक जागरुकता कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर विद्यापीठ के डॉल्फिन कैंपस में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कानून जानो बचपन बचाओ, सुरक्षित क्लिक सुरक्षित बचपन, बच्चों के अधिकारों, सूचना और संचार उपकरण में प्रदर्शन/वितरण एवं ऑनलाइन सुरक्षा अनुचित छवि साझा साइबर उत्पीड़न के बारे में जागरूकता एवं निशुल्क विधिक सहायता आदि विषयों पर परिचर्चा हुई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड गंजबासौदा कपिल देव, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अमान सिंह राजपूत, अधिवक्ता कमाल पाशा माथुर, अधिवक्ता सुनील भावसार, अधिवक्ता सुनील राजपूत, विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र दीक्षित, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप जेटली, नवांकुर प्राचार्य संदीप रावत, धर्मेंद्र, उत्तम कुमार, टंकेश्वर प्रसाद द्विवेदी उपस्थित थे। अभिभाषक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के समक्ष नाटक प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अमान सिंह राजपूत ने बाल व्यवहार, अपराधों से सुरक्षा, साइबर सुरक्षा आदि के लिए प्रावधानों के बारे में विद्यार्थियों को बताया। न्यायाधीश कपिल देव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जो अपराध करता है, नियम का पालन नहीं करता, उसे जू के पशुओं की तरह बंद कर दिया जाता है और जो नियम पर चलता है अभ्यारण के पशुओं की तरह वह आजाद रहता है। छात्र मनु राय और छात्र नविका गौड़ ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 9 से लेकर 12 तक के विद्यार्थी व शिक्षकगण उपस्थित थे। छात्रा सुहानी श्रीवास्तव, उदिति दुबे द्वारा विधिक जागरूकता से संबंधित भाषण प्रस्तुत किया गया। वंशिका रघुवंशी, खुशी शर्मा ने बचपन बचाओ कविता प्रस्तुत की, प्राचार्य संदीप रावत ने स्वागत भाषण, प्राचार्य संदीप जेटली ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

आमजन की सेहत को ध्यान में रखते हुए खाद्य विभाग ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

खाद्य विभाग की टीम द्वारा नगर में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूना संग्रहण की कार्रवाई की गई। इस दौरान हर गंगे भोजनालय से पकी हुई दाल, पनीर एवं ग्रेवी के नमूने लिए गए। वहीं शरद स्वीट्स से बेसन एवं मावा बर्फी के नमूने गुणवत्ता परीक्षण के लिए संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा अभियान के दौरान संग्रहित किए गए सभी खाद्य पदार्थों के नमूने गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप स्थिति के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा उसके अंतर्गत प्रचलित नियमों के अनुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के दौरान आमजन के स्वास्थ्य एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, निगरानी एवं नमूना संग्रहण अभियान निरंतर जारी रहेगा। प्रशासन का उद्देश्य है कि दीपावली का पर्व प्रत्येक परिवार के लिए खुशियों के साथ-साथ सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खानपान का अवसर बने तथा उपभोक्ताओं को निर्धारित खाद्य मानकों के अनुरूप खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

छुट्टी के बाद भी स्कूल में उत्साह से मनाया गया दीपोत्सव



गंजबासौदा। शासकीय प्राथमिक शाला काली पठार में छुट्टी के बाबजूद भी शिक्षकों और छात्रों ने उत्साह पूर्वक दीपावली का त्यौहार धनतेरस के दिन मनाया। सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन आरती कर शिक्षकों ने छात्रो को आशीर्वाद देकर प्रेम और सद्भाव पूर्वक त्यौहार मनाया। शाला में दीपोत्सव और रंगोली, पेंटिंग, चित्रकला का आयोजन कर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दो -दो छात्रो को पुरस्कार दिए गये। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पूर्व छात्रा कंचन अहिरवार ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि दीपावली हमें अंधेरा भगाओ उजाला लाओ और बुराई पर अच्छाई, अज्ञान पर ज्ञान का प्रतीक है। वहीं शिक्षक कामिनी रघुवंशी ने सभी शिक्षकों और छात्रों को बधाई देते हुए मिट्टी के दीपक का महत्व कविता के माध्यम से बताया। दीपावली कार्तिक मास की अमावस्या को मनाई जाती है जो आज धनतेरस से प्रारम्भ होती है। वहीं शिक्षक गोपालदास अहिरवार, रानी रघुवंशी ने भी सभी को बधाई देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत मे प्रधानाध्यापक प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि यह पांच दिवसीय त्यौहार प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है। इस दिन भगवान श्री राम बुराई रूपी रावण का अंत करके अच्छाई की विजय करके अयोध्या लौटकर आए थे। उसी खुशी मे अयोध्यावासियों ने खुशी मे दीप जलाए थे, साथ ही मां लक्ष्मी समुद्र मंथन के समय प्रकट हुई थी और भगवान श्री कृष्ण ने नरकासुर का वध किया था। सभी छात्र छात्राएं, प्रकाश रूपी ज्ञान अर्जित कर मन लगाकर पढ़ाई करें। इस अवसर पर समूह अध्यक्ष गंगा सैन, रसोईया ओमवती लोधी, रोहित सैन उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत मे छात्र, छात्राओं को मिठाई वितरित की गई।

पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

देहात थाना पुलिस ने पकड़ा 1 किलो 350 ग्राम गांजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध मादक पदार्थों, अवैध शराब एवं अवैध हथियारों की धरपकड़ हेतु थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के नेतृत्व में देहात थाना पुलिस ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी मनोज साहू को अवैध गांजा सहित पकड़ा। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से 1 किलो 350 ग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 25,000 रुपए जब्त कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनोज साहू उम्र 40 वर्ष निवासी बृजधाम कॉलोनी, तिरंगा चौक के रुप में हुई है। उक्त कार्रवाई में देहात थाना प्रभारी जयकुमार सिंह, सियाराम गौड़, सुनील दुबे, अमलियार, राहुल जाटव, रामनिवास मीना, राहुल झा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पटाखा दुकानों पर अग्निशमन यंत्र और रेत-पानी की बाल्टियां रखवाई



गंजबासौदा। श्रीराम लीला मेला ग्राउंड पर लगे पटाखा बाजार में गुरुवार को शाम के समय आगजनी की घटना के बाद प्रशासन ने सुरक्षा इंतजाम सख्त कर दिए हैं। समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। एसडीएम अनुभा जैन ने बताया कि आगजनी की घटना की जांच की जा रही है। दुकानदारों को अग्निशमन यंत्र और फायर सेफ्टी के लिए रेत-पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से पटाखा बाजार के दोनों तरफ नगर पालिका की बड़ी दमकल गाड़ियां तैनात की गई हैं, ताकि दोबारा ऐसी घटना होने पर तत्काल आग बुझाई जा सके। घटना के बाद शुक्रवार सुबह प्रशासनिक अमला पटाखा बाजार पहुंचा और दुकानदारों को सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए। इसके बाद दुकानदारों ने अपनी दुकानों पर अग्निशमन यंत्र और रेत-पानी की बाल्टियों की व्यवस्था की गई।

पांच दिनों तक बंद रहेगी कृषि उपज मंडी

गंजबासौदा। दीपावली पर्व के चलते कृषि उपज मंडी में लगातार पांच दिनों तक अवकाश रहेगा। 6 नवंबर से मंडी में नीलामी और उपज की खरीदी बंद रहेगी। 11 नवंबर से मंडी में दोबारा नीलामी प्रक्रिया और डाक शुरू होगी। मंडी समिति ने सूचना जारी कर किसानों से अवकाश के दौरान उपज लेकर नहीं आने की अपील की है। कृषि मंडी में इन दिनों बड़ी संख्या में किसान उपज लेकर पहुंच रहे हैं। यहां प्रतिदिन करीब 15 से 20 हजार बोरी उपज की आवक दर्ज हो रही है। नगर के अलावा आसपास के कई किलोमीटर दूर स्थित गांवों से भी किसान अपनी उपज बेचने आते हैं। मंडी समिति ने किसानों को सूचना दी है कि दीपावली के चलते पांच दिन तक मंडी में नीलामी और खरीदी बंद रहेगी। ऐसे में किसान 6 से 10 नवंबर के बीच अपनी उपज लेकर मंडी नहीं आएं। अवकाश के दिनों में उपज लेकर पहुंचने पर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। 11 नवंबर से मंडी में सामान्य रूप से कामकाज शुरू हो जाएगा।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने नवीन वस्त्र वितरित किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गौ संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा मे कार्य करते हुए हर साल की तरह इस बार भी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ कामधेनु दीपावली मना रहा है। इसी के तहत गुरुवार को नवीन वस्त्र, पटाखे , मिठाई व गौ मय दीपक वितरण कर दीपोत्सव महापर्व पर्वाधिराज दीपावली का आगाज किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की नीति से हमें बांटने का प्रयास किया, पर हमारी संस्कृति को मिटा नहीं सके। इसका प्रमुख कारण रामायण और श्री रामचरितमानस का जन-जन के हृदय में रचा-बसा होना है। भारत में जहाँ प्रभु श्रीराम पूज्यनीय हैं, वहीं अरब के विद्वानों और मुस्लिम समाज ने उन्हें 'इमाम-ए-हिन्द' कहकर सम्मान दिया। जिसका अर्थ है कल्याणकारी, मानवता के मार्गदर्शक। दीपावली पर्व हमें यह प्रेरणा देता है कि असत्य पर सत्य की और अधर्म पर धर्म की सदैव विजय होती है। अभी पिछले दिनो नवरात्रि और दशहरा के साथ हमने अपने पुरखों को भी कृतज्ञतापूर्वक स्मरण किया। कार्यक्रम में श्याम पाल सिंह रघुवंशी, प्रीती रघुवंशी ने सामाजिक सद्भाव समाजिक समरसता पर जोर देकर सबको मिलकर पर्व त्यौहार मनाने की बात कही। साथ ही परिवार को सप्ताह मे कम से कम एक दिन एक साथ खाना खाना चाहिए, एक पौधा ऐसा लगाए जो पेड बनकर फल फूल दे सके, नशे के विरुद्ध जन जागरण अभियान मे सबको आगे आना चाहिए, पानी बचाओ प्लास्टिक हटाएं, स्वदेशी अपनाओ घर के अंदर भाषा, भूषा ,भजन, भवन, भ्रमण अपनी होना चाहिए, विदेशी नही होना चाहिए। मुख्य अतिथि चतर सिंह लोधी ने सभी से अपने नागरिक कर्तव्य का पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला संयोजक सैयद शादाब अली, फिरोज खान, इरफान खान, हिदायत मंसूरी, राशिद खान, मोहसिन खान सहित अनेक नागरिक मौजूद थे।

बाइक व ट्रैक्टर शोरूम से लेकर सोने-चांदी व बर्तन की दुकानों पर देर रात तक रही रौनक

धनतेरस पर बाजार हुए गुलजार लोगों ने जमकर की खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

धनतेरस के अवसर पर शुक्रवार को नगर के बाजारों में सुबह से लेकर देर रात तक रौनक बनी रही। पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। बर्तन, सोने-चांदी के आभूषण, सिक्के, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और सजावटी वस्तुओं की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ी।

वहीं बाइक और ट्रैक्टर शोरूमों में भी जमकर खरीदारी हुई। नगर के मुख्य सराफा बाजार, चांदनी चौक, छिपेटी बाजार और बड़ा बाजार सहित प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में दिनभर चहल-पहल रही। लोगों ने अपनी परंपरा और सामर्थ्य के अनुसार बर्तन, आभूषण, सोने-चांदी के सिक्के और घरेलू उपयोग की वस्तुएं खरीदीं। धनतेरस पर शुभ खरीदारी की परंपरा



के चलते बाजारों में देर शाम तक ग्राहकों का आना-जाना लगा रहा। बर्तन व्यापारी महेश ताम्रकार ने बताया कि धनतेरस पर बर्तन खरीदना लोगों की आस्था और परंपरा से जुड़ा हुआ है। पहले जहां पीतल और कांसे के बर्तनों की अधिक मांग रहती थी, वहीं अब स्टील के आकर्षक और डिजाइनर बर्तन सेट लोगों की पहली पसंद बन रहे हैं। हालांकि महंगाई के चलते कुछ ग्राहक सीमित खरीदारी कर रहे हैं, फिर भी हर परिवार अपनी सामर्थ्य के अनुसार कुछ न कुछ जरूर खरीदता है। त्योहारी सीजन को देखते हुए व्यापारियों ने भी दुकानों पर अतिरिक्त स्टॉक की व्यवस्था की थी।

इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही। वहीं दोपहिया वाहन और ट्रैक्टर शोरूमों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई लोगों ने धनतेरस के शुभ मुहूर्त में नए वाहन खरीदकर अपने घर ले जाने की परंपरा निभाई। महंगाई के बावजूद ग्राहकों और व्यापारियों में त्योहार को लेकर उत्साह बना रहा। धनतेरस के अवसर पर पूरा बाजार रोशनी और रौनक से सराबोर नजर आया। लोगों ने सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना के साथ जमकर खरीदारी की, जिससे व्यापारियों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दी।

रेलवे की बैठक में रखीं 37 प्रमुख मांगें

रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर सांसद लता वानखेड़े ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



भोपाल में आयोजित पश्चिम मध्य रेलवे की मंडल एवं जोनल बैठक में सागर लोकसभा क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी, छोटे रेलवे स्टेशनों के विकास और यात्री सुविधाओं के विस्तार का मुद्दा प्रमुखता से उठा। सागर-सिरोंज संसदीय क्षेत्र की सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने बैठक में क्षेत्र की जनता की जरूरतों और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे से संबंधित 37 प्रमुख मांगें एवं प्रस्ताव मजबूती से रखे। ब

बैठक में सांसद ने सिरोंज, शमशाबाद, लटेरी और कुरवाई को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए नई रेल लाइन का सर्वे शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग उठाई। उन्होंने सागर से पुणे के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में सुविधा मिल सकेगी। सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने छोटे रेलवे स्टेशनों के विकास, यात्री सुविधाओं में सुधार और क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने रेलवे अधिकारियों से कहा कि बैठक में रखी गई प्रत्येक मांग पर केवल आश्वासन तक सीमित न रहा जाए, बल्कि उसके क्रियान्वयन के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित की जाए। साथ ही प्रत्येक मांग के लिए जिम्मेदार अधिकारी तय हों और उसकी प्रगति की लिखित जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रस्तावों पर प्रभावी कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि सागर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक हिस्से तक बेहतर रेल सुविधाएं पहुंचाना, आवागमन को सुगम बनाना और क्षेत्र के विकास को गति देना उनकी प्राथमिकता है। रेलवे से जुड़ी समस्याओं और मांगों के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र की जनता को इन प्रस्तावों का वास्तविक लाभ मिल सके।

सांसद द्वारा बैठक में उठाए गए इन मुद्दों से सागर लोकसभा क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार और नई कनेक्टिविटी की उम्मीदें एक बार फिर चर्चा में आई हैं।

टीबी जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वालों का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत संचालित टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में टीबी मुक्त पंचायत बनाने एवं जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में पिरामल स्वास्थ्य के इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के संयुक्त तत्वावधान में टीबी जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण सहयोग देने वाले दो टीबी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अभियान के तहत विदिशा एवं ब्लॉक सिरोंज से चयनित टीबी विजेताओं ने अपने अनुभवों के माध्यम से लोगों को टीबी रोग के प्रति जागरूक करने, समय पर जांच एवं उपचार कराने तथा टीबी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने में सराहनीय योगदान दिया। इस अवसर पर विदिशा में जिला क्षय अधिकारी (डीटीओ) डॉ. समीर किरार द्वारा टीबी विजेता को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं सिरोंज क्षेत्र के जगथर से चयनित कुमारी रितु शर्मा को ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) डॉ. नीरज पंथी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। टीबी विजेताओं का सम्मान उनके संघर्ष, साहस और समाज के प्रति समर्पण को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उनके प्रयासों से आमजन में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और टीबी मुक्त पंचायत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग मिल रहा है।

किसानों का भूसा और सामान जलकर खाक

एक दिन पहले लगा ट्रांसफार्मर दूसरे दिन ही फटा, अफरा-तफरी मची

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सिरोंज-भोपाल रोड स्थित ग्राम मुरादपुर के लालघांटी टपरों की बस्ती में रात करीब 8:30 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बिजली सप्लाई के लिए लगाया गया नया ट्रांसफार्मर अचानक जोरदार धमाके के साथ फट गया और उसमें आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास रहने वाले गरीब ग्रामीणों के घरों तक पहुंच गई। वहीं पास में रखा किसानों का भूसा और अन्य सामान भी आग की चपेट में आकर जल गया। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ती देख किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी को सूचना दी। उन्होंने तत्काल नगरपालिका पहुंचकर सीएमओ रामप्रकाश साहू को घटना से अवगत कराया। सीएमओ ने तत्परता दिखाते हुए नगरपालिका की फायर ब्रिगेड को



मौके पर रवाना किया। सुरेंद्र रघुवंशी भी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ आग बुझाने में सहयोग किया। नगरपालिका की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे आसपास के घरों तक फैलने से रोक दिया। ग्रामीणों के अनुसार विद्युत मंडल द्वारा महज एक दिन पहले ही यह नया ट्रांसफार्मर लगाया गया था, जो दूसरे ही दिन धमाके के साथ फट गया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से पूरे मामले की जांच कराने और ट्रांसफार्मर की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो बस्ती के कई गरीब परिवारों के घर जलकर राख हो सकते थे।

शिक्षक पं. चंद्रमोहन शर्मा की जन्म शताब्दी मनाई



सिरोंज। नगर के अनंत श्री गार्डन में लोकमंगल समिति सिरोंज के तत्वावधान में आदर्श शिक्षक स्वर्गीय पं. चंद्रमोहन शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, समाजसेवा, पत्रकारिता एवं जनसेवा से जुड़े गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों और समाजसेवियों ने शामिल होकर पंडित जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. चंद्रमोहन शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। विधायक उमाकांत शर्मा ने उपस्थित शिक्षकों पर पुष्पवर्षा कर उनका सम्मान किया। अदिति द्वारा गुरु वंदना एवं स्कूली छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि शिवगंगा अभियान, झाबुआ से जुड़े पद्मश्री महेश शर्मा रहे। अध्यक्षता आरोग्य भारती मध्यभारत प्रांत के अध्यक्ष एवं नर्मदा ट्रामा सेंटर भोपाल के संचालक राजेश शर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि पं. चंद्रमोहन शर्मा ने शिक्षा, नैतिक मूल्यों और समाजसेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान दिया। शिक्षक केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं देता, बल्कि भावी पीढ़ी के चरित्र और संस्कारों का निर्माण भी करता है। पंडित जी का जीवन इसी आदर्श का उदाहरण रहा है। उनके विचार और जीवन मूल्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने पंडित जी की जीवन पद्धति और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके व्यक्तित्व से समाज को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने विधायक उमाकांत शर्मा का परिचय कराते हुए कहा कि विदिशा में आज भी लोग उन्हें आचार्य के नाम से जानते हैं।

ठंड का बढ़ा जोर, मौसम परिवर्तन से सर्दी-जुखाम, बुखार के बढ़ रहे बीमार

हवाओं में ठंडक आने से गर्म कपड़ों की पूछ परख शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



मौसम में आया परिवर्तन और ठंड का जोर बढ़ जाने हवाओं में ठंडक बनी रहने से दिन और रात के तापमान में गिरावट बनी हुई है। सूरज की किरणोसे तेजी गायब हो गई है। इसी कारण दीपावली पूर्व ही गर्म कपड़ों की पूछ परख होने लगी है। मौसम परिवर्तन के कारण सर्दी जुखाम बुखार बदन दर्द के मरीजों की तेजी से संख्या बढ़ रही है।

दीपावली पूर्व जिस प्रकार तापमान में भारी गिरावट आई है उससे लोगों में दीपावली पर दीया भर ठंड की कहावत चर्चा का विषय बनी है। सुबह से दोपहर तक और शाम का अंधेरा होते ही ठंड का जोर बढ़ जाता है। तापमान में आई गिरावट भी चर्चा का विषय बनी है।

मरीजों की भीड़

सिविल अस्पताल हो या प्राइवेट डॉक्टरों की क्लीनिक खुलते ही मरीजों की भीड़ लग रही है। सबसे अधिक सर्दी जुखाम बुखार पीड़ित डॉक्टरो के पास पहुंच रहे हैं। सर्दी जुखाम बुखार के साथ साफ सफाई से उड़ी धूल भी एलर्जी और सर दर्द का कारण बन मरीजों की संख्या बढ़ा रही है।

सड़कों पर लगे कचरे के ढेर, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण भी बंद

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से बिगड़ी शहर की सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल का असर अब शहर की सफाई व्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। शुक्रवार को नगर की सड़कों और नालियों की सफाई नहीं हुई। जगह जगह कचरे के ढेर लगे रहे। धनतेरस जैसे महत्वपूर्ण त्योहार पर सफाई व्यवस्था ठप रहने और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण नहीं होने से नागरिकों में नाराजगी देखी गई।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन के बैनर तले सफाई कामगार अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को बड़ी संख्या में कर्मचारी नगर परिषद कार्यालय के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए और मांगों का निराकरण होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही तथा नारेबाजी

मांगों को लेकर नप कार्यालय के गेट पर धरने पर बैठे कर्मचारी



कर आवाज बुलंद की।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में सफाई कार्य में लागू आउटसोर्स व्यवस्था समाप्त कर नियमित एवं स्थायी नियुक्तियां करना तथा समान कार्य.समान वेतन के सिद्धांत पर न्यूनतम 25 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन देना शामिल है। कर्मचारियों ने प्रत्येक माह की एक से पांच तारीख के बीच वेतन भुगतान अनिवार्य करने और नगर की बढ़ती आबादी को देखते हुए स्वीकृत पदों के अनुसार 20 से 25 नए सफाई कर्मचारियों की भर्ती करने की मांग भी उठाई है।

इसके अलावा पात्र कर्मचारियों को नियमानुसार पदोन्नति, वर्ष 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने, कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरण एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई है। सेवाकाल में कर्मचारी की मृत्यु होने पर पात्र आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। हड़ताल के चलते त्योहार के समय शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने से नागरिकों की परेशानी बढ़ गई है। अब देखना होगा कि नगर परिषद प्रशासन कर्मचारियों की मांगों पर कब तक निर्णय लेता है।

अवैध गैस सिलेंडर भंडारण पर कार्रवाई

सागर। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने परसोरिया में गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच की।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं आदर्श शर्मा पुत्र श्री शिवओम शर्मा आयु 18 वर्ष जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम सिहोद तहसील ग्यारसपुर जिला विदिशा मप्र और मेरा आधार क्रमांक 4010 9700 6183 है। मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूं कि समग्र पोर्टल व राशन पर्ची में मेरा नाम आदर्श शर्मा दर्ज है। किन्तु मेरी कक्षा 10 की अंकसूची में तृटिवश मेरा नाम आदर्श पचोरी पुत्र श्री शिवओम पचोरी दर्ज हो गया है। शाला में प्रवेश के समय मेरा नाम आदर्श शर्मा ही दर्ज कराया था। मुझ शपथकर्ता का नाम राशन पर्ची के आधार पर अंकसूची में आदर्श शर्मा पुत्र श्री शिवओम शर्मा दर्ज किया जाए। शपथपत्र में वर्णित संपूर्ण इबारत में किसी भी प्रकार की विसंगति पाई जाती है तो उसकी संपूर्ण जबावदारी मुझ शपथकर्ता की होगी।

टीम पहल वृद्धाश्रम में जाकर गुरुकुल के विद्यार्थियों ने बनाई रंगोली, बांटे गर्म वस्त्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



दीपावली पर्व पर गुरुकुल स्कूल के विद्यार्थियों ने समाज के वरिष्ठ नागरिकों के साथ त्योहार की खुशियाँ साझा कर सेवा और संस्कारों की अनूठी मिसाल पेश की। छात्र-छात्राओं का दल 'टीम पहल' वृद्धाश्रम पहुँचा और वहाँ पहुँचकर बुजुर्गों का घर बड़े ही आत्मीय भाव से सजाया। विद्यार्थियों ने आश्रम में जाकर सुंदर एवं आकर्षक रंगोली बनाई।

> ■ विद्यार्थियों ने वृद्धजनों के चरण स्पर्श कर लिया आशीर्वाद

विद्यार्थियों ने सभी वृद्धजनों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और उन्हें आगामी दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इसके साथ ही, आने वाली ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों ने बुजुर्गों को गर्म वस्त्र भेंट किए। छात्र-छात्राओं के इस अपनत्व और सेवा भाव को देखकर आश्रम के वरिष्ठ जन भावुक हो उठे और उन्होंने बच्चों को स्नेहपूर्वक ढेरों आशीर्वाद दिए। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, बुजुर्गों के प्रति आदर-सम्मान और मानवीय संवेदनाओं को जाग्रत रखना है।

धनतेरस पर सामग्री खरीदने दुकानों बाजारों में उमड़ी खरीदारों की भीड़

लक्ष्मी प्रतिमाएं, दीया, झाड़ू बर्तन की जमकर हुई खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

धनतेरस पर कुछ न कुछ नई सामग्री खरीदने की परंपरा बनी हुई है। गुरुवार को हाट बाजार में भारी भीड़ रही दूसरे दिन शुक्रवार को धनतेरस का त्यौहार होने के कारण सुबह से रात्रि तक बाजारों दुकानों में घरेलू उपयोगी सामग्री के साथ लक्ष्मी जी की प्रतिमाएं, दीया, झाड़, श्रृंगार सामग्री खरीदने भीड़ उमड़ती रही। मुख्य सड़क, बड़ा बाजार, छोटा बाजार, टॉकीज रोड सहित अन्य मार्गों की दुकानों पर सामग्री खरीदने भारी भीड़ का नजारा बना रहा।

धनतेरस पर लोगों द्वारा उत्साह पूर्वक दो पहिया वाहनों बर्तनों घरेलू उपयोगी सामग्री नए कपड़ों किराना सामग्री मिट्टी के दियो लक्ष्मी जी की प्रतिमाओं के साथ सोने चांदी के जेवरों इलेक्ट्रॉनिक सामग्री की जमकर खरीद की गई उससे धनतेरस पर धन की वर्षा होने का



रोशनी से जगमग हुआ नगर

धनतेरस दीपावली खुशियों के साथ रोशनी का त्यौहार है अमावस्या की काली घनी अंधियारी रात को रिमझिम दियो की रोशनी से जगमग करने की प्राचीन परंपरा में अब विद्युत सजावट भी जुड़ गई है। दो दिनों से नगर परिषद द्वारा स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कर सड़कों को रोशन किया जा रहा था। मकानों दुकानों सभी सार्वजनिक स्थानों पर विद्युत रोशनी से नगर जगमग हो जाने से मनोहारी दृश्य उत्पन्न हो गया है। दृश्य बना रहा। आने वाले 2 दिन दीपावली तक इसी प्रकार दुकानों बाजारों में भारी रौनक बनी रहने की संभावना है।

कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास जिला - विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक //म.बा.वि./2026/5843 विदिशा दिनांक 06/04/2026

-: विज्ञप्ति :-

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत परियोजना विदिशा के नगरीय क्षेत्रों में संचालित आॅगनवाड़ी केन्द्रों पर ताजे गरम पके हुए पूरक पोषण आहार की वितरण व्यवस्था शहरी परियोजनाओं में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन राज्य , शहरी आजीविका मिशन के पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूह एंव तेजस्विनी, महिला स्व-सहायता समूह से कराई जायेगी।

: विदिशा जिले के 06 विकासखण्डो के नगरीय क्षेत्र में पोषण आहार, ताजा पका नाश्ता/भोजन आॅगनवाड़ी केन्द्रों में वितरण किये जाने हेतु विकासखण्डवार निम्नविवरणानुसार स्व-सहायता समूह के चयन हेतु E.O.I. (अभिव्यक्ति की अभिरूचि) आमंत्रित किये जाते हैं।

क्रं.	परियोजना का नाम	आॅगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या जिनमें पोषण आहार, ताजा-पका नाष्ता/भोजन प्रदाय किया जाना है	10 आंगनवाडी केन्द्र के मान से चयनित किये जाने वाले न्यूनतम समूहों की संख्या
1	विदिशा शहरी	167	17
2	सिरोंज	52	05
3	कुरवाई	27	03
4	लटेरी	24	02
5	बासोदा-1	40	04
6	नटेरन	10	01
		320	32

स्व-सहायता समूह के चयन के मापदंड:-

1. स्व-सहायता समूह से आशय DAY-NULM अंतर्गत बनाये गये स्व-सहायता समूह है। स्व-सहायता समूह 10 से 20 महिलाओं के होंगे, जो नियमित बैठक कर बचत करती है व बैंक से सम्बद्ध है। इसके अंतर्गत शहरी गरीब महिलाओं के समूह होंगे लेकिन गरीबी रेखा से बाहर के सदस्यों को भी विशेष कारण से सम्मिलित किया जा सकता है किंतु DAY-NULM अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए 70 प्रतिशत समूह सदस्यों को गरीबी रेखा अंतर्गत होनी चाहिए।
2. स्व-सहायता केवल क्रियाशील महिला स्व-सहायता समूह 3 वर्ष पूर्व से राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशनं, राज्य शहरी आजीविका मिशन के पंजीकृत महिला स्व-सहायता एवं तेजस्विनी, के तहतं पंजीकृत होकर इन समूहों की 3 वर्ष की आधार सीडेड बैंक खाता में बचत राशि शेष होना चाहिये।
3. प्रत्येक 10 आॅगनवाड़ी केन्द्रों पर एक स्व सहायता समूह का चयन किया जावेगा।
4. खाद्य समूह द्वारा खाद्य एवं औषधि प्रशासन का लाइसेंस अनिवार्य होगा।
5. EOI फार्म कलेक्ट्रेट कम्पोजिट भवन, ईदगाह चौराहा, स्वामी विवेकानंद मार्ग से कक्ष क्रमांक-256, महिलांएवं बाल विकास विभाग के कार्यालय से राशि 500/- रुपए चालान शीर्ष 0235 सामाजिक सुरक्षा और कल्याण एंव अन्य प्राप्ति । देकर कार्यालयीन समय में दिनांक 12-11-26 से 27.11.26 दिनांक तक प्राप्त किये जा सकते हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास जिला-विदिशा

पंच दिवसीय पर्व प्रारंभ, धनतेरस पर हस्त नक्षत्र और सिद्धि योग का महासंयोग

धनतेरस पर चमका बाजार, खरीदारी करने लोगों में दिखा जमकर उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

पांच दिवसीय दीपावली पर्व शुक्रवार से शुरू हो गया है। इस बार श्रद्धालुओं द्वारा धनतेरस पर भगवान धनवंतरी की पूजन आरती हस्त नक्षत्र और सिद्धि योग में मनाया गया।पहले दिन धनतेरस के अवसर पर शहर में दिन के समय बाजार में कम भीड़ रही। शाम होते ही बाजार गुलजार हो गए। सुबह से लेकर दोपहर तक तो बाजार में भीड़ कम देखी गई। लेकिन शाम के बाद से देर रात तक दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ती रही। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों ने तरह-तरह के ऑफर दिए।

सराफा व्यापारी गोविंद सोनी, चंद्र मोहन आशु गोयल धर्मेंद्र सोनी ने बताया कि लक्ष्मी पूजन की तैयारियों से जुड़ी सामग्री से लेकर चांदी के बर्तन, सिक्का आभूषण की जमकर बिक्री हुई। इसके अलावा कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, किराना, मिठाई, मायूस बैठे दुकानदारों और सौंदर्य, फर्नीचर, सौंदर्य प्रसाधन और तमाम तरह के सजावटी सामानों की जमकर खरीदारी की गई। इससे काफी समय से ग्राहकों के इंतजार में व्यापारियों के चेहरे पर चमक दौड़ गई। उन्होंने भी ग्राहकों के स्वागत के लिए अपने प्रतिष्ठानों को आकर्षक तरीके से सजाया था।





फूलों की खुशबू और रंग-बिरंगी झालरों की चमक मन में उत्साह भर रहे थे।

सोना-चांदी के बढ़ते रेट के कारण खरीदी पर असर

ज्वेलर्स गोविंद सोनी, अखिलेश जिझौतिया ने बताया कि इस वर्ष सोना व चांदी महंगाई के दौर से गुजर रही है। इसलिए ग्राहकों की संख्या कम रही। जो पिछले वर्ष जो चांदी के सिक्के 300 से 500 रुपये के थे, इस वर्ष वह 1800 से 2 हजार रुपये कीमत के रहे। वहीं बर्तन व्यापारी रामकिशन चक्रवर्ती, सुनील सोनी ने बताया कि जीएसटी बढ़ने के बावजूद बर्तनों की बिक्री हुई।

बर्तन बाजार में तांबा-कांसा की रही ज्यादा मांग

दीवानगंज। धनतेरस के पर्व पर शुक्रवार को दीवानगंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में दिनभर रौनक छाई रही। सुबह से ही खरीदारी का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा।

शुभ मुहूर्त में बर्तन, सोना-चांदी, पूजा सामग्री और घरेलू सामान खरीदने के लिए हजारों की संख्या में लोग बाजार पहुंचे। भवानी चौक दीवानगंज, बेरखेड़ी चौराहा, बालमपुर और सलामतपुर के बाजारों में ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली। इस बार खास बात यह रही कि स्टील के बर्तनों के साथ पारंपरिक धातुओं से बने तांबा और कांसे के बर्तनों की मांग अधिक रही।

धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परंपरा के चलते दुकानों पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ जुटने लगी थी। लोग लोटा, थाली, कटोरी, कलश, दीपक, घंटी, फूलदानी सहित विभिन्न प्रकार के बर्तनों की खरीदारी करते नजर आए। वहीं, सोना-चांदी की दुकानों पर भी दिनभर ग्राहकों की कतार लगी रही। त्योहार को देखते हुए दुकानदारों ने पहले से ही पर्याप्त स्टॉक जमा कर लिया था।

बेरखेड़ी चौराहे की पुलिया बनी कचरा घर, बदबू फैलने से राहगीर परेशान

होटल-ढाबा संचालकों द्वारा खुले में फेंका जा रहा कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर/दीवानगंज

- खुले में फेंक रहे चिकन, मछली के अपशिष्ट
- सांची के लिए इसी मार्ग से निकलते है विदेशी महमान



भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर स्थित बेरखेड़ी चौराहे की पुलिया इन दिनों स्थानीय होटल और ढाबा संचालकों की लापरवाही के चलते प्रदूषण और बदबू का केंद्र बन चुकी है। पुलिया के नीचे और आसपास धड़ल्ले से फेंके जा रहे चिकन, मछली के अपशिष्ट और सड़ी-गली सब्जियों के कचरे ने पूरे इलाके का माहौल दूषित कर दिया है। स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है कि इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों के लिए एक पल भी वहां रुकना दूभर हो गया है।

यह मार्ग आम जनता के साथ विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सांची आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों, वीआईपी और कई विशिष्ट मेहमानों का काफिला भी इसी हाईवे से होकर गुजरता है। इसके बावजूद, इस प्रमुख मार्ग पर इस तरह खुलेआम कचरा फेंका जा रहा है।

होटल और ढाबों द्वारा बचा हुआ मांसाहारी और सड़ा-गला कचरा सीधे पुलिया में फेंका जाना।तेज धूप के कारण कचरे में सड़न पैदा होने से उठने वाली असहनीय बदबू।

समाधान की मांग

नागरिकों और यात्रियों ने प्रशासन, पंचायत और खाद्य एवं स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि बेरखेड़ी चौराहे की पुलिया और आसपास के हिस्से की तत्काल साफ-सफाई कराई जाए। इस मार्ग पर अवैध रूप से कचरा फेकने वाले होटल और ढाबा संचालकों की पहचान कर उन पर जुर्माना लगाया जाए।

स्थानीय रहवासियों और राहगीरों में आक्रोश

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रात के अंधेरे में या सुनसान समय का फायदा उठाकर कुछ वाहन चालक और ढाबा संचालक कचरे से भरे बोरे सीधे पुलिया में उड़ेल जाते हैं।

दिनभर वाहनों की आवाजाही के दौरान जब यह कचरा गाड़ियों के पहियों के नीचे आता है, तो आसपास के वातावरण में इतनी तीव्र दुर्गंध फैल जाती है कि लोगों का सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है। दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने कई बार इस संबंध में मौखिक शिकायतें की हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में भारी आक्रोश है।

स्वास्थ्य और पर्यावरण पर खतरा

खुले में फेंके जा रहे इस जैविक कचरे के कारण पर्यावरण नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मानसून और उमस के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार के कचरे के सड़ने से खतरनाक बैक्टीरिया और रोगाणु फैलते हैं, जो राहगीरों के साथ-साथ आसपास की बसाहट के लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी घातक सिद्ध हो सकते हैं।

पथ विक्रेताओं का बढ़ाया उत्साह

बाजार पहुंचकर कलेक्टर ने खरीदे मिट्टी के दीपक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने औबेदुल्लागंज के हाट बाजार का भ्रमण कर स्थानीय पथ विक्रेताओं एवं छोटे व्यापारियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बाजार में लगी दुकानों का अवलोकन किया और विक्रेताओं से उनके व्यवसाय एवं बिक्री के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर को अपने बीच पाकर छोटे व्यापारियों में भी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कलेक्टर ने पथ विक्रेताओं से मिट्टी के दीपक, लक्ष्मीजी की प्रतिमा एवं अन्य सामग्री की खरीदारी की। उन्होंने सामग्री खरीदकर न केवल उनका उत्साहवर्धन किया, बल्कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संदेश भी दिया।

नगर के सांदीपनि स्कूल में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरुक

एसआई कविता यादव और आरक्षक अमित भार्गव ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने नगर के शासकीय सांदीपनि विद्यालय में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। थाना प्रभारी संजीत परते के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में एसआई कविता यादव एवं आरक्षक अमित भार्गव ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने बच्चों को बताया कि वर्तमान समय में ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। साइबर अपराधी फर्जी फोन कॉल, संदिग्ध लिंक, ऑनलाइन गेमिंग, सोशल मीडिया और ओटीपी के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। ऐसे में अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम पिन और पासवर्ड साझा नहीं करना चाहिए।

एसआई कविता यादव एवं आरक्षक अमित भार्गव ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने तथा इंटरनेट पर अपनी निजी जानकारी और फोटो साझा करते समय सावधानी बरतने की समझाइश दी। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करें।



दुर्लभ पैंगोलिन का वन विभाग ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



सामान्य वन मंडल रायसेन सर्किल के तहत के ग्राम खंडेरा में दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलिन मिलने से वन विभाग में हलचल मच गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पैंगोलिन का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे अपने संरक्षण में लिया। इसके बाद उसे रायसेन पूर्व वन परिक्षेत्र कार्यालय लाया गया।

डीएफओ प्रतिभा शुक्ला एसडीओ रजनीश कुमार शुक्ला से मिली जानकारी के अनुसार, वनमंडल रायसेन के अंतर्गत रायसेन पूर्व वन परिक्षेत्र की अमरावद वृत्त स्थित टीकोदा बीट के ग्राम खंडेरा में पैंगोलिन के विचरण की सूचना मिली थी। वन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसका सुरक्षित रेस्क्यू किया। मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक से अनुमति मिलने के बाद पैंगोलिन को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा गया है। यहां विशेषज्ञों की निगरानी में उसकी रेडियो टैगिंग की जाएगी। इसके बाद उसे उपयुक्त प्राकृतिक आवास में स्वतंत्र छोड़ दिया जाएगा।

वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षित पुनर्वास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विभाग ने आमजन से अपील की है कि जंगल या आबादी के आसपास कोई वन्यजीव दिखाई दे तो उसके नजदीक न जाएं और न ही उसे पकड़ने या नुकसान पहुंचाने की कोशिश करें।





एटीएम के पास ग्राहक तलाश रहा था आरोपी

प्रतिबंधित कार्बाइड गन बेचते हुए पुलिस ने युवक को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



शुक्रवार को शहर के इंडियन तिराहे पर पुलिस ने एटीएम के पास प्रतिबंधित कार्बाइड गन बेच रहे एक युवक को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कार्बाइड गन जब्त कर मामला दर्ज किया है।

कोतवाली थाना टीआई नरेंद्र गोयल के अनुसार, जिला प्रशासन ने त्योहारों और आयोजनों के दौरान आमजन की सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्बाइड गन के निर्माण, खरीद-बिक्री, भंडारण और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। इसके बावजूद 22 वर्षीय अक्षय कुशवाहा पिता चंद्रमोहन निवासी वार्ड 3 मड़ईपुरा, रायसेन प्रतिबंधित गन बेच रहा था। मौके से युवक को हिरासत में लेकर प्रकरण दर्ज किया गया है।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक मनकर आहके, प्रधान आरक्षक आजाद सिंह, पुलिस आरक्षक संदीप जैन, शशांक दीक्षित और विशाल रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद सवाल उठ रहा है कि जब कार्बाइड गन के विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है, इसके बाद भी बाजार में बिकने कैसे पहुंच रहीं है? हालांकि कार्बाइड गन बेचने वालों पर पुलिस प्रशासन अपनी पैनी नजर बनाए हुए है।

